>

Title: Need to provide wheat to bakery owners at concessional rates.

**श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर):** सरकार द्वारा गरीब परिवारों को 2 रूपये किलो के भाव से अनाज उपलब्ध कराने के लिए जो कानून बनाया है उसी के संदर्भ में कहना है कि उस अनाज को बेकरी व्यवसायी गरीब परिवारों से सस्ती दरों पर खरीदकर पाव, बटर एवं ब्रेड बनाते हैं। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। सरकार द्वारा उसी अनाज को सीधे बेकरी व्यवसायियों को दिया जाए ताकि भ्रष्टाचार में भी कमी आएगी और देशभर में सड़ रहे अनाज को गरीब परिवारों तक पहुंचाने का एक अच्छा प्रयास होगा और अनाज को सड़ने से भी बचाया जा सकेगा। प्रत्येक गरीब परिवार को उचित मूल्य पर ब्रेड और पाव उपलब्ध कराया जा सकेगा।